**आकाशवाणी भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 17.08.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से कार्य पर लौटने का किया आग्रह, सुरक्षा उपायों का सुझाव देने के लिए बनेगी समिति।**
- **लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा की पहली बडी बैठक नई दिल्ली में, सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा।**
- **प्रदेश में रेशम से दवाइयां बनाने का कार्य प्रारंभ, पॉवडर, क्रीम, सेरी बैंडेज एवं सिजेरियन ड्रेंसिंग बनेंगे।**
- **प्रदेश में फिर तेज बारिश की संभावना, कल 13 जिलों के लिए अलर्ट।**

**भारतीय स्वास्थ्य–डॉक्टर समिति**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक रेजिडेंट डॉक्टर के खिलाफ घटना के बाद फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से मुलाकात की। एसोसिएशन ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर अपनी चिंता के बारे में अपनी मांगें रखीं। मंत्रालय ने प्रतिनिधियों की मांगों को सुना और उन्हें स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

**डॉक्टर हडताल**

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में विभिन्न चिकित्सा संघों की जारी हड़ताल के कारण देश भर के कई शहरों में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। प्रदेश में भी इंदौर और भोपाल सहित कई शहरों में डॉक्टर हड़ताल पर हैं। बैतूल में डॉक्टर्स ने 24 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया। जिला अस्पताल में वरिष्ठ डॉक्टर्स ने अस्पताल परिसर में एक घंटे तक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। हालांकि इस दौरान सभी जूनियर डॉक्टर्स ड्यूटी पर मौजूद रहे। कोई भी सेवा बाधित नहीं की गई। गुना जिले में सरकारी और निजी डॉक्टरों की हड़ताल से स्वाथ्य सेवाओं पर असर पडा। केवल इमरजेंसी सेवाएं चालू हैं। जिला अस्पताल परिसर में डॉक्टर हड़ताल पर बैठे हैं।

**डाक्टर हिंसा बदलाव**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों से हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में कहा है कि हाल ही में यह देखा गया है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा करना आम बात हो गई है और कई स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ता है।

**भाजपा सदस्यों की बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यों की बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की गई। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भाजपा के सदस्यता अभियान और संगठन के चुनाव तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य, राज्य प्रभारी और सह–प्रभारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथा राज्य भाजपा संगठन के महासचिव ने भागीदारी की। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा के सदस्यों की यह पहली बडी बैठक है।

**विकास कार्यों का लोकार्पण**

केंद्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर जिले के बुधनी में 14 करोड़ 70 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने नई किस्मों के 109 प्रजातियों के बीज तैयार किए हैं, ताकि कृषि के क्षेत्र मे उत्पादन अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने कहा कि खेती में उत्पादन अधिक हो और लागत कम हो इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए लाड़ली बहना योजना एवं स्व–सहायता समूह चलाए जा रहे हैं। अब लाड़ली बहनों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

**रेशम दवाइयां**

प्रदेष में 'रेशम से समृद्धि योजना' में नर्मदापुरम जिले के रेशम विकास केन्द्र मालाखेड़ी में रेशम से दवाइयों का उत्पादन करने के लिये कार्यवाही तेज कर दी गयी है। मालाखेडी रेशम विकास केन्द्र में रेशम के धागे से पॉवडर, क्रीम, सेरी बैंडेज एवं सिजेरियन बैंडेज का निर्माण किया जाएगा। इस दिशा में जरूरी अनुसंधान एवं विकास कार्यों के लिये 50 करोड़ रूपये की आवश्यकता का मांग पत्र राज्य शासन को भेजा गया है। आयुक्त रेशम मोहित बुंदस ने बताया कि रेशम के विकास और विस्तार से जुड़ी सेवाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिये 'न्यू सिल्क ईको सिस्टम' विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रेशम विकास गतिविधियों का क्रियान्वयन अब क्लस्टर मोड में करने की भी शुरूआत कर दी गई है। रेशम गतिविधियों की पुनर्संरचना करते हुये न्यू सिल्क ईको सिस्टम करने के साथ ही पचमढ़ी में सिल्क टेक पार्क भी प्रारंभ किया गया।

**स्वास्थ्य– मंकीपॉक्स**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि देश में अब तक मंकीपॉक्स का कोई मरीज सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मंकीपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में एक बैठक में मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती उपाय किए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें किसी मरीज के सामने आने पर सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और ग्राउंड क्रॉसिंग पर स्वास्थ्य इकाइयों को संवेदनशील बनाना, परीक्षण प्रयोगशालाओं को तैयार करना और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार रखना शामिल है।

**अनिवार्य घोषणा**

आकाशवाणी के प्रति घंटा समाचार बुलेटिनों के प्रसारण क्रम को संशोधित किया गया है, जो 18 अगस्त को मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होगा। इस बदलाव के बाद 5 मिनट के हिन्दी समाचार बुलेटिन का प्रसारण पहले होगा, उसके बाद 5 मिनट के अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे।

**मौसम**

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश में 19 अगस्त से भारी बारिश की संभावना है। इस वजह से रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में दो दिन तक बारिश हो सकती है। जबकि 21 और 22 अगस्त को भी तेज बारिश हो सकती है। आज भी पन्ना, सतना, अनूपपुर, देवास, बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी में तेज बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में खरगोन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाडा, पन्ना, सतना, रीवा, मउगंज, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडौरी और मंडला में तेज बारिष का अलर्ट हैं। ग्वालियर जिले में अभी तक 617.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष में हुई इस अवधि की औसत वर्षा से लगभग 31 प्रतिशत अधिक है। अच्छी वर्षा होने से खरीफ के साथ रवि मौसम में भी अच्छी फसल होने की उम्मीद बढ़ गई है।

**राज्य घुड़सवारी**

जयपुर में चल रही घुडसवारी प्रतियोगिता में जूनियर नेशनल क्वालीफायर 2024 में मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के 12 खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता 19 अगस्त तक चलेगी। अभी तक की प्रतियोगिताओं में राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों ने 21

पदक जीते। इसमें 12 स्वर्ण, 7 रजत, 2 कांस्य पदक हासिल कर अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में राजू सिंह ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 3 गोल्ड मेडल जीते हैं।

## समाचार संक्षेप

- नीमच कलेक्टर ने आज 1400 करोड लागत की गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना–2 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजना को समय से पहले पूरा करने और गांवों में हर घर नल से जल आपूर्ति प्रारंभ करने के निर्देष दिए।
- बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल मे महिलाओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने आज रतलाम में मौन कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने 12 पंच पद एवं एक सरपंच के निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं।
- शहडोल शहर के मुख्य बाजार में पानी भराव की समस्या दूर करने के लिए डीएमएफ फंड से 1 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी।
- आगरमालवा जिला प्रशासन द्वारा सुसनेर तहसील के अंतर्गत 500 बीघा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।
- **खण्डवा** में सम्पूर्णता अभियान के तहत टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें गर्भवती माताआंेएवं बच्चों को टीके लगाए गए। साथ ही नई गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर आवश्यक जांच की गयी।
- नीमच जिले में राजस्व महा अभियान के तहत जिला कलेक्टर ने मनासा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आज ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

---